<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

>

Title: Need to utilise the penal amount from Rudhauli Sugar Mill in the development works in Sant Kabir Nagar district.

**श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर में जो 'आमी' नदी बहती है, उसमें बहुत सारा प्रदूषण हो गया था। आपके आसन के द्वारा जब मैंने यह विषय इस लोक सभा में उठाया था, तो उस समय एनजीटी द्वारा एक हाई पॉवर कमेटी गठित की गई थी। उस कमेटी ने वहां जाकर प्रदूषण की जांच की थी और पांच करोड़ रुपये रुधौली शुगर मिल पर जुर्माना लगाया था और उसको आदेशित किया था। उसको 'आमी' नदी के किनारे विकास के कार्य में खर्च किया जाए। मेरी आपके माध्यम से यह मांग है कि रुधौली शुगर मिल से पांच करोड़ रुपये की वसूली करके संत कबीर नगर में, मगहर में, कबीर साहब के निर्वाणास्थली के विकास हेतु इसको अविलंब खर्च किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)

**HON. DEPUTY SPEAKER:** Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.